हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 22 जुलाई 2025

06 ऑपरेशन त्रिनेत्रम में जनसहयोग से लगे कैमरों...



07 उज्जवल भविष्य बनाने के लिए छात्र बड़े सपने...





## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति के लिए 30 तक होंगे रजिस्ट्रेशन

**सीहोर।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में छात्रवृत्ति के लिए जिले के सभी स्कूल एवं कॉलेज के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। इसमें बताया कि शासन के निर्देशानुसार कक्षा नौवीं से कॉलेज स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी 30 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते। जिससे केन्द्र द्वारा प्री-मैट्रिक अथवा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ विद्यार्थी प्राप्त कर सके। जिनके परिवार की वार्षिक आय सीमा 2 लाख 50 हजार से कम है वहीं लाभ के पात्र होंगे। वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। इसकी अंतिम तिथि 30 जुलाई है।

### कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गाडरवारा में गौशाला निर्माण किए जाने और सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं और इसका समाज में व्यापक असर भी दिख रहा है।

### पीएम किसान योजना सैचुरेशन के लिए शुरू होगा अभियान

**सीहोर।** आयुक्त भू-अभिलेख ने बताया कि पीएम किसान योजना सैचुरेशन के लिए प्रदेश में अभियान चलाया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक किसानों से संपर्क कर सैचुरेशन से शेष रह गए किसानों से कार्यवाही पूर्ण कराई जाएगी और लाभ वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के संचालन के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। किसानों द्वारा ई-केवायसी एवं आधार बैंक खाता डीबीटी के लिये इनेवल करने की कार्यवाही कर ली गई है। जिले में किसानों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री बनाए जाने की कार्यवाही की जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र कृषक परिवारों को वर्ष में 6 हजार की राशि प्रदान की जा रही है। योजना की अनिवार्य कार्यवाही ई-केवायसी, आधार, बैंक खाता, डीबीटी केलिए इनेवल एवं फार्मर रजिस्ट्री जैसी अनिवार्य कार्यवाही पूर्ण उपरांत ही हितग्राहियों को राशि प्राप्त होती है।

# भोले की भक्ति डूबे भक्त, जल, दूध पंचामृत से किया अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़





भगवान भोलेनाथ और भक्तों का प्रिय सावन के पवित्र महीने में भक्ती अपने चरम सीमा पर रहती है। इसी श्रद्धा के चलते पूरे महीने शिव भक्त भगवान भोलेनाथ की भक्ती में लीन रहते हैं। भक्त भोलेनाथ का जलाभिषेक कर उन्हे बेलपत्र, भांग,धतूरा आदि चढ़ाकर अपनी मनोकामना पूरी करने की कमाना करते हैं।

सावन के दूसरे सोमवार को नगर के सभी मंदिरों में भक्तो की भीड़ लगी रही। बोल बम और हर हर महादेव के जयकारों से शिवालय नगर के शिवालय गूंज रहे हैं। नगर के कनकेश्वर महादेव मंदिर, शिव डेरा और शिव पहाड़ी पर विराजे बाबा भूतेश्वर महादेव मंदिर से नगर के लोगो की गहरी आस्था जुड़ी हुई हैं। सावन शुरू होते ही इन मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रहती है। आस्था में नगर की महिलाएं भी पीछे नहीं हैं। भगवान भोलेनाथ की पूजन अर्चन करने में महिलाएं भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में मंदिर जाकर भगवान भोलेनाथ को जल, दूध पंचामृत अर्पित कर महादेव की पूजा करती हैं। ऐसी मान्यता है कि इस माह जो भी भक्त शिव उपासना करता है उसकी सभी तरह की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। श्रावण माह में बेलपत्र, भांग और धतूरा से पूजा करना और जल चढ़ाना बहुत ही फलदायी और शुभ होता है।

नगर से 2 किलोमीटर दूर प्राकृतिक सौन्दर्य के बीच स्थित बाबा भूतेश्वर महादेव मंदिर से नगर आसपास के लोगों की गहरी आस्था जुड़ी है। सावन के महीने में यहां प्रतिदिन बाबा भूतेश्वर महादेव का आकर्षक श्रंगार किया जा रहा है। सावन के दूसरे सोमवार पर और भूतेश्वर महादेव के श्रृंगार श्रीनाथजी के स्वरूप में मनमोहक श्रंगार किया गया। सोमवार को हजारों भक्तों ने महादेव के आकर्षक श्रंगार का दर्शन लाभ लिया।

### इच्छापूर्ति महादेव का किया आकर्षक श्रृंगार



**नलखेड़ा।** मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित श्री इच्छापूर्ति महादेव मंदिर पर सावन माह के दूसरे सोमवार पर सुबह से पूजन अभिषेक करने वाले भक्तों की भीड़ लगी रही। दोपहर 12 बजे बाद बाबा का आकर्षक श्रृंगार किया गया। बाबा के इस श्रृंगार के दर्शन के लिए दोपहर से रात्रि तक भोले के भक्तों का तांता लगा रहा।

## जैन आराधना भवन में चल रहे हैं प्रवचन, बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रोता

# माता-पिता पुण्य से मिलते हैं, जबकि पत्नी पसंद से : साध्वी रत्ननिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा




जब तक हम इस दुनिया में हैं, तब तक ही हमारे संबंध है। दुनिया से जाने के बाद किसी का किसी से कोई संबंध नहीं रहता है। स्वार्थ है तब तक सभी संबंध है। पत्नी पसंद से मिल सकती है लेकिन माता-पिता पुण्य से मिलते हैं। इनके उपकार को कभी भूला मत देना।

स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में चातुर्मास हेतु विराजित रत्ननिधि म.सा. ने जैन आराधना भवन में उत्तराध्ययन सूत्र पर प्रवचन करते हुए उपस्थित समाज जनों के समक्ष यहां विचार व्यक्त किए। साध्वी ने कहा कि सच्चा सुख प्राप्त करना है तो हमारा धर्म के प्रति श्रद्धाभाव व अनुराग होना चाहिए। धर्म करने से ही सच्चा सुख प्राप्त हो सकता है। अनन्त जन्म के पुण्योदय से हमें यह जिनवाणी सुनने का मौका मिलता है।

साध्वी ने कहा कि निगोद से निकालने का कार्य सिद्ध परमात्मा करते हैं तथा हमारे विकास का कार्य अरिहंत परमात्मा करते हैं, जब एक आत्मा सिद्ध अवस्था में पहुंचती है तब निगोद में से एक आत्मा को निकलने का मौका मिलता है। सिद्ध परमात्मा की कृपा एवं उपकार से हमें यह मानव भव मिला है लेकिन हम परमात्मा के उपकार को भूल रहे हैं। साध्वी ने कहा कि मैं कौन हूं, कहां से आया हूं, इस पर विचार करो। जो जाना नही है वह जान लो सम्पति व परिवार तो मिला एवं उन्हे जाना भी परन्तु मेरी आत्मा को मैने नहीं जाना, मेरी आत्मा कहां-कहां से परिभ्रमण कर रही है वह कहा से आई है यह हमने अभी तक नही जाना है। पांचो इंद्रियो व संसार के सुख के कारण आत्मा के सुख को गवा रहे हैं। जिस आत्मा के पीछे अनन्त सुख छिपा हुआ है। उसकी हमें जानकारी नहीं है। साध्वी ने कहा कि किसी को सता कर सत्ता मिलती है तो वहां संसार को बढ़ाने वाली होती है। सत्ता के बल पर हम हंसते हुए कर्म तो बांध लेते हैं, लेकिन रोते-रोते भी उन कर्मों को हम नहीं चुका पाएंगे। उन्होंने कहा कि काल किसी का इंतजार नहीं करता है, कोई भरोसा नहीं किस समय आ जाए। इस पर विश्वास मत करना जो पुण्य एवं परोपकार के कार्य करना है वहां कल पर मत टाले। वहीं आत्मा भव्य आत्मा होती है, जिनके हृदय में देव,गुरु, धर्म, जिनवाणी के प्रति श्रद्धा है। हृदय में शास्त्र श्रवण, ज्ञान, ध्यान के लिए उत्कंठा बनी रहती है वहां भव्य आत्मा होती है। बिना श्रद्धा के परमात्मा की वाणी का श्रवण करने हम धर्म स्थानों पर नहीं आ सकते हैं।

साध्वी ने कहा कि पत्नी तो पसंद से मिल सकती है, लेकिन मां तो पुण्य से ही मिलती है। जिस मां ने हमें 9 माह तक अपनी कोख में रखकर सभी दुःख, संकट, कष्ट सहे हैं। उस मां का दिल कभी मत दुखाना। हम पढ़ लिखकर कितने ही बड़े क्यों न बन जाए लेकिन माता-पिता के उपकार को कभी मत भुला देना। जीवन में हमेशा माता-पिता का सम्मान करना। उन्होंने कहा कि जैसा कर्म करोगे वैसा फल हमें निश्चित मिलना है। जैसे बीज का रोपण करेंगे वैसा ही फल हमें मिलने वाला है। बबुल के बीज का रोपण कर आम के फल की आशा मत करना। पुरानी कहावत भी है कि बोये बीज बबुल के तो आम कहां से आए।

साध्वी ने कहा कि बिना पुरुषार्थ के कभी सिद्धि मिलने वाली नहीं है। मनुष्य भव, परमात्मा का शासन मिला है। गुरु भगवंतो का सानिध्य व संयोग मिला है तो हमें धर्म व परोपकार के कार्य कर लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य भव मिलना बड़ा दुर्लभ है। जिनकी धन के प्रति आसक्ति व मूर्छा बनी रहती है वहां निश्चित सर्प की योनि में जाएगा जहां पर वहां कुंडली की तरह धन के अंदर रमण करता है। साध्वी ने कहाकि वर्तमान समय में अनुशासनहीनता बढ़ती जा रही है। परिवारों में अनुशासन समाप्त होता जा रहा है, बाप, बेटे, बेटी, बहु सभी मिलकर एक साथ बैठकर टीवी देखते हैं। टीवी में जाने कैसे - कैसे दृश्य देखने को मिलते हैं। उसी का परिणाम है कि आज परिवार टूटते जा रहे हैं। जैन आराधना भवन में प्रतिदिन प्रात 9:30 से 10:30 बजे तक साध्वी जी द्वारा उत्तराध्ययन सूत्र शास्त्र पर प्रवचन दिए जा रहे हैं। प्रवचन उपरांत साध्वीजी द्वारा प्रतिदिन उपस्थित समाजजनों को एक दिन के लिए खाद्य पदार्थ या अन्य वस्तुओं का त्याग करने के नियम का पचखाण करवाए जाते हैं।


### आत्मा के अनेकांत स्वरूप होते हैं : विवर्धन सागर



**नलखेड़ा।** आत्मा के बारे में विभिन्न मतों ने अलग-अलग मत दिया है। इस कारण से संसारी जीवन का भटकाव होता है। सभी धर्म मोक्ष को मानते हैं लेकिन मिथ्याधर्म में मोक्ष तक पहुंचने की भ्रांतियां खड़ी हो जाती है। एकांत मत खड़े हो जाते हैं, सम्यक मत नहीं होने से मिथ्या बनी रहती है। सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चारित्र को मोक्ष मार्ग कहा है। इसमें तीनों की एकता आवश्यक है श्रावकों को एक ही दर्शन से संतुष्ट नहीं होना चाहिए। स्थानीय दिगंबर जैन समाज में चल रहे चातुर्मास के दौरान हो रहे प्रवचन में यहां विचार विवर्धन सागर महाराज ने समाजजनों के समक्ष व्यक्त किए। मुनि श्री ने कहा कि एक विधि परक कथन होता है, एक निषेध परक कथन होता है। आध्यात्मिक में दोनों कथन को बतलाना आवश्यक है। एक पंच परमेष्ठी की भक्ति होती है, एक मिथ्या भक्ति होती है। दोनों प्रकार के कथन के बारे में आगम में बताया है। अनेक धर्मावलंबी एक ही आत्मा और एक ही ब्रह्म को बताते हैं अगर ऐसा है तो एक आत्मा को हंसता हुआ क्यों देखा जाता है और एक को रोता हुआ क्यों देखा जा रहा है। जब एक ही आत्मा है तो विभिन्न प्रकार की अवस्थाएं क्यों दिखाई जा रही है। कुछ मतों के अनुसार आत्मा शून्य होती है स्यादवाद की दृष्टि से देखें तो आत्मा शून्य भी होती है और नहीं भी होती है। उन्होंने बताया कि आत्मा में 18 प्रकार के दोष होते हैं। 18 प्रकार के दोषों को नष्ट करने से आत्मा शून्य भी है और नहीं भी है कुछ मत आत्मा को सर्वगत भी मानते हैं एक ही आत्मा सारे विश्व में फैली है ज्ञान की अपेक्षा आत्मा सर्वगत है आत्म ज्ञान प्रमाण है और ज्ञेय प्रमाण है ज्ञेय का मतलब ज्ञान के द्वारा लोक और आलोक के सारे पदार्थ को जानना मति ज्ञान श्रुति ज्ञान से कुछ बातें जानी जा सकती है लेकिन केवल ज्ञान सारे पदार्थों को एक साथ जान सकते हैं।

## मां बगलामुखी मंदिर पर समुचित व्यवस्थाओं को लेकर प्रतिनिधि मंडल मिला कलेक्टर से, सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा




विगत कई दिनों से नगर में स्थित मां बगलामुखी मंदिर पर विभिन्न प्रकार की अव्यवस्थाओं के चलते आम दर्शनार्थियों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। इन अव्यवस्थाओं को लेकर आए दिन विवाद की स्थिती निर्मित होती रहती है जिसके कारण मंदिर की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है। मां बगलामुखी मंदिर पर लगातार दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ रही है ऐसे में मात्र वीआईपी दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए निर्णय नहीं लेते हुए आम भक्तों की सुविधा को प्राथमिकता में रखकर निर्णय व व्यवस्था बनाने से परेशानियां कम हो सकती है। दर्शनार्थियों को सुलभता से दर्शन के साथ ही उन्हें मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध हो सके इसके लिए सोमवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मां बगलामुखी भक्त मंडल के एक प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह से चर्चा कर कई बिंदुओं का मांग पत्र सौंपा।

मांग पत्र में बताया कि मां बगलामुखी मंदिर पर किसी भी प्रकार व्यवस्था परिवर्तन के पूर्व स्थानीय जनप्रतिनिधियों मंदिर से जुड़े प्रमुख भक्तों व धर्माचार्यो अथवा हिन्दू धर्म की मान्यता के संबंध में जानकारी रखने वालों से विचार विमर्श कर निर्णय लिए जाए। मंदिर परिसर में महिला व पुरुषों के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम बनाये जाएं। मंदिर परिसर में स्थित समिति कार्यालय को श्री सूर्यमुखी हनुमान मंदिर के पास अथवा सामने नवीन कार्यालय का निर्माण कर शिफ्ट किया जाए। दर्शनार्थियों को सुलभता से दर्शन हो सके व दर्शनार्थियों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए सूर्यमुखी हनुमान मंदिर के पीछे बेरिकेटिंग कर हनुमान मंदिर के समीप से डोम में होते हुए मंदिर में प्रवेश करवाया जाए एवं प्रवेश द्वार के समीप एक अन्य द्वार बनाकर निर्गम द्वार बनाया जाए। इसके साथ ही स्थानीय व नियमित दर्शनार्थियों के लिए अलग से दर्शन व्यवस्था की जाए।

आम दर्शनार्थियों को सुविधाघर के अभाव के कारण परेशानियां उठाना पड़ रही है इसके निदान हेतु ट्रांसफार्मर वाले स्थान पर अथवा श्मशान मार्ग पर एक आधुनिक सुविधाघर का निर्माण समिति द्वारा करवाया जावे। साथ ही वर्तमान सुविधाघरों को इंगित करते हुवे बड़े साइन बोर्ड लगवाए जावे। मंदिर के पीछे स्थित यज्ञशाला में जाने के लिए नदी वाले रास्ते को व्यवस्थित कर उसे स्थाई मार्ग बनाया जावे एवं मंदिर के अंदर से प्रवेश प्रतिबंधित किया जावे। मंदिर परिसर में स्थित धर्मशाला की छत पूर्ण रूप से जीर्ण शीर्ण हो चुकी है जिसका उचित रखरखाव करवाया जावे। मंदिर परिसर में स्वच्छता के लिए कम से कम 10 सफाईकर्मी रखे जावे। मंदिर में जलापूर्ति हेतु मंदिर के समीप एक ओवरहेड टंकी का निर्माण कर मंदिर परिसर व आसपास पेयजल के लिए अंडरग्राउंड पाइपलाइन एवं ड्रेनेज लाइन बिछाई जाए। मंदिर पर आने वाले वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था ईदगाह के सामने एवं ईदगाह के आसपास की जावे जिसके लिए आवश्यक होने पर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा भूअर्जन किया जाए।

बिजली बंद हो जाने से मंदिर परिसर में अंधेरा पसर जाता है इस दौरान मंदिर परिसर में समुचित प्रकाश की व्यवस्था के लिए जनरेटर की व्यवस्था की जाए। मंदिर परिसर व मंदिर के बाहर लगाए गए अनावश्यक बेरिकेट्स हटाये जाए जिससे परिसर खुला रहे।

## गुरु-शिष्य परंपरा पर व्याख्यानमाला का हुआ आयोजन

# 'गुरु के बिना जीवन सार्थक नहीं हो सकता'




**नलखेड़ा।** गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल में भारतीय शिक्षण मंडल मालवा प्रांत द्वारा गुरु शिष्य परंपरा पर आधारित व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत छात्र छात्राओं को अतिथियों द्वारा अपने वक्तव्य में गुरु की महिमा का महत्व समझाया गया।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में अतिथि व वक्ता के रूप में शासकीय महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं भारतीय शिक्षण मंडल मालवा प्रांत के आगर जिले के जिलाध्यक्ष डॉ जगदीश प्रसाद कुल्मी उपस्थित थे। साथ ही शासकीय महाविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान के प्रोफेसर अनिल प्रजापति भी उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ कुल्मी द्वारा बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक रहकर एकाग्र होकर पढ़ाई करने का सुझाव दिया गया। गुरु के प्रति अपनी



निष्ठा बनाये रखने का गुरु की आज्ञा का जीवन में पालन करने का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्राचीन काल में गुरुओं की शिक्षा से कई महापुरुषों ने अपना जीवन सार्थक किया। गुरु भक्त आरुणी और अन्य गुरु भक्तों के जीवन में बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उनके जीवन काल पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरु के बिना जीवन सार्थक नहीं हो सकता। किसी भी कार्य को सफल बनाने के लिए गुरु तो बनाना ही होगा।

## शहर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे

# आस्था का सैलाबः चार साल के बच्चे से लेकर 90 साल के बुजुर्ग कर रहे भगवान भोले का अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



देश और विदेश में करोड़ों शिव भक्तों की आस्था का केन्द्र सावन मास में भक्ति चरम सीमा पर है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में कांवड़ लेकर जाने वालों में चार साल से लेकर 90 साल के बुजुर्ग एक लोट जल हर समस्या का हल और बम-बम भोल के जयकारे के साथ सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम तक पहुंच रहे हैं। रविवार को करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं को धाम पर भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। वहीं मध्यप्रदेश से भी कई श्रद्धालु पैदल ही सैकड़ों किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए धाम पर आ रहे हैं।

सावन मास वह समय जब श्रद्धा की धारा और शिवभक्ति की शक्ति मिलकर एक पवित्र यात्रा का रूप ले लेती है। यह केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आत्मा से शिव तक पहुंचने की एक जीवंत साधना है। इसका एक उदाहरण शहर के रेलवे स्टेशन, सीवन नदी के तट से लेकर कुबेरेश्वरधाम तक दिखाई दे रहा है। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की प्रेरणा और भगवान शिव की भक्ति से लबरेज शिव भक्त पूरे आनंद के साथ नंगे पैर आस्था और उत्साह के साथ कठिन डगर पर चल रहे हैं। कई कांवड़ वाले तो दंडवत करते हुए जा रहे हैं तो कोई कंधे पर कांवड लेकर चल रहे है। रविवार को सुबह दस बजे सीवन नदी से सोया चौपाल तक आस्था के साथ कांवड़ यात्रियों की सेवारत पंडालों में अचानक पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने सेवा कार्य करने वालों के कार्य की मुक्तकंठ तारीफ करते हुए कहाकि मानवता की सेवा करने से बेहतर कोई दूसरा कार्य नहीं है। सेवा हृदय और आत्मा को पवित्र करती है। सेवा से ज्ञान प्राप्त होता है और यही मनुष्य के जीवन का असली लक्ष्य है। कांवड लेकर जाने वालों के लिए आधा दर्जन से अधिक सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें दिन रात सेवादार श्रद्धालुओं को खिचड़ी, चाय, नाश्ते, भोजन, बिस्कुट, फल, फलहार और पानी की बोतल और पाउच देकर रवाना कर रहे है।

**सीवन नदी का घाट पर लगा भक्तों का महाकुंभ :** शहर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। जिसके कारण शहर सहित आस-पास चहल-पहल नजर आ रही है। दूर दराज के क्षेत्रों के श्रद्धालु कांवड़ियों की भीड़ सीवन घाट पर देखने को मिल रही है। कांवड़ियों ने सुबह से ही कांवड़ उठाने का क्रम शुरू कर देते है। घाट पर ही कांवड़ सजाने के साथ कांवड़िये अपने ईष्ट के लिए विधि विधान पूर्वक पूजा-पाठ कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### महा जलाभिषेक यात्रा को लेकर हुई बैठक, 4 को निकलेगी यात्रा

**देवास।** महाकालेश्वर जलाभिषेक यात्रा समिति द्वारा आगामी 4 अगस्त को निकाली जाने वाली महा जलाभिषेक यात्रा की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंडित मधुसूदन नागर ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समिति के आशीर्वाद दाता मुरलीधर पांचाल, अंतर सिंह गौड, प्रदीप मेहता उपस्थित रहे। साथ ही समिति के पवन सिंह पवार, दिलीप सिंह पटेल, पंडित शांतिलाल तिवारी, मुकेश कुमार, राधेश्याम पांचाल सहित अन्य सदस्यों ने अतिथियों का साफा बांधकर, शॉल और सम्मान-पत्र भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन संदीप सूर्यवंशी ने किया। इस दौरान कुंवर जयदेव सिंह पवार एवं जगदीश ने यात्रा की रूपरेखा और विशेषताओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह यात्रा लगातार 12वें वर्ष निकाली जा रही है। इस वर्ष महाकुंभ प्रयागराज से लाया गया पवित्र जल बाबा महाकालेश्वर बिलावली के जलाभिषेक हेतु उपयोग किया जाएगा। यहां यात्रा शिप्रा से बिलावली तक निकलेगी। समिति ने व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए और सभी श्रद्धालुओं से दो कतारों में चलने तथा यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर मिथुन वर्मा, राधेश्याम जयसवाल, दीपक विश्वकर्मा, भारत दायमा, मनेंद्रसिंह मकवाना, सुभाष जी चौधरी, जगदीश जी पटेल आदि श्रद्धालु उपस्थित थे।

### कोतवाली पुलिस ने चंद घंटों में किया मोबाइल चोरी की घटना का पर्दाफाश

# ऑपरेशन त्रिनेत्रम में जनसहयोग से लगे कैमरों की मदद से किया खुलासा

एक आरोपी को किया गिरफ्तार घटना में चोरी गया 16 लाख का मश्रुका 72 मोबाइल फोन व 3 टेबलेट जब्त।



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शनिवार रात को शहर के भगत सिंह मार्ग स्थित पर स्थित मोबाइल की दुकान में चोरों ने बड़ी कई मोबाइल में हाथ साफ किया। चोर दुकान के पीछे लगे पतरे तोडक़र विभिन्न कंपनियों के 72 नए मोबाइल व 3 टेबलेट लेकर फरार हो गया। रविवार सुबह सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले और आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने टीम बनाई। सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी को पुलिस ने महज 23 घंटो में गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी के मोबाइल फोन व टेबलेट जब्त किए है। सोमवार को पुलिस ने चोरी की घटना का पर्दाफाश किया।

एसपी पुनीत गेहलोत ने बताया कि शनिवार मध्यरात्रि को फरियादी अमित कुमार राठौर निवासी गोल्डन सिटी बालगढ़ मुख्य मार्ग ने कोतवाली थाना पुलिस को बताया था कि उनकी भगत सिंह मार्ग स्थित मोबाइल की दुकान में अज्ञात चोर विभिन्न कंपनियों के 72 मोबाइल फोन व 3 टेबलेट चोरी कर ले गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया आसपास सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले, पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 331(4), 305 (ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया। आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के लिए कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा के नेतृत्व में टीम का गठन किया। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी को भागते हुए देखा। कैमरों की मदद से आरोपी पियूष उर्फ पुरुषोत्तम पिता कैलाश सोनी निवासी ग्राम जगोटी थाना राघवी जिला उज्जैन हाल मुकाम गणेशपुरी बालगढ़ रोड़ देवास है। आरोपी के पास से चोरी की सामाग्री जब्त की है।गेहलोत ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र में अमित कुमार राठौर की मोबाइल की दुकान में अज्ञात चोर ने मोबाइल व टेबलेट चोरी किए थे जिनकी अनुमानित किमत 15 लाख रुपए है। शहर में ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत कैमरे लगे हैं। जिसमें आरोपी दिखाई दिया आरोपी जिस मार्ग से जा रहा था उस मार्ग में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे जिससे आरोपी पियूष को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के घर के समीप भी कैमरे लगे हुए थे। आरोपी के पास से मोबाइल व टेबलेट मिल गए हैं। कोतवाली पुलिस टीम को 10 हजार रुपए से पुरुस्कृत भी किया जाएगा। आरोपी को गिरफ्तार करने में कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा, उनि जीवन भिण्डोरे, सचिन सोनगरा, प्रआर सुनील देथलिया, मनोज पटेल, हेमंत डाबी, रवि गरोड़ा, आर नवीन देथलिया, मनीष देथलिया व सायबर सेल टीम से प्रआर सचिन चौहान, शिवप्रताप सिंह की सराहनीय भूमिका रही।



# निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

गुणवत्ता के साथ करें निर्माण कार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सोमवार को कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर सिंह ने निर्माण कार्यों के संबंधित विभागों के अधिकारियों से जिले में प्रगतिरत निर्माण कार्यों की विभागवार जानकारी लेकर निर्देश दिये कि अधिकारी अपने-अपने विभाग अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए शीघ्रता से कार्य पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। सिंह ने निर्देश दिए कि आपके विभाग अंतर्गत जो कार्य स्वीकृत हो गए है, उनका निर्माण कार्य भी शीघ्र शुरु करें। विभागीय अधिकारी समय-समय पर निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी करें।

अधिकारी निर्माण कार्यों की सतत रूप से मॉनिटरिंग करते रहे। काम नहीं करने वाले ठेकेदारों पर कार्यवाही भी करें। किसी भी विभाग को निर्माण कार्य में कोई बाधा आ रही है तो उसकी जानकारी भी दे। सिंह ने सभी जनपद सीईओ निर्देश दिये कि ग्राम पंचायतों में बनाये जा रहे पंचायत भवन और सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। सभी जनपद सीईओ अपने अपने क्षेत्र में बनाये जा रहे पंचायत भवनों और सामुदायिक भवनों का निरीक्षण करें और समय समय पर कार्य की गुणवत्ता भी जांचे। उन्होंने ने कहा कि जो काम पूर्ण हो गए है उनका लोकार्पण जनप्रतिनिधियों के माध्यम से करवाये।

सिंह ने पीआईयू, पीडब्ल्यूडी, पंचायत, नगरीय निकाय, नगर निगम, जल संसाधन, आरईएस द्वारा जिले में किये जा रहे निर्माण कार्य की समीक्षा कर गुणवत्तापूर्ण और समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, पीडब्ल्यूडी, पीआईयू, हाउसिंग बोर्ड, नगर निगम, जनपद सीईओ, पीओडूडा, डब्ल्यूआरडी, आरआरडीए, आरईएस, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, जिला योजना सांख्यिकी, एमपीआरडीसी के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# पैक्स कर्मचारियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, धरना-प्रदर्शन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मप्र सहकारिता संस्थाएं कर्मचारी महासंघ भोपाल के आव्हान पर देवास जिले के बहुदेशीय सहकारी साख समितियों (पैक्स) के कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर जिला कलेक्टर एवं सहकारिता विभाग उपायुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। जिलाध्यक्ष जवाल सिंह ठाकुर ने बताया कि जिलेभर से बडी संख्या में महासंघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता कलेक्टर कार्यालय में एकत्रित हुए और जिलाधीश को अपनी मांगों के बारे में विस्तृत रूप से बताया। ज्ञापन में मांग की गई है कि पैक्स और लेम्प्स को प्राप्त प्रबंधकीय अनुदान राशि को शीघ्र वितरित किया जाए तथा कर्मचारियों के वेतन में महंगाई के अनुपात में उचित वृद्धि की जाए। शासन द्वारा पूर्व में पैक्स को प्रतिवर्ष 24,000 की राशि को बढ़ाकर 3,00,000 करने के आदेश दिए जा चुके हैं, परंतु यह राशि अभी तक कर्मचारियों को प्राप्त नहीं हुई है। इसके अलावा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानों के विक्रेताओं को घोषित 3,000 की अतिरिक्त मानदेय राशि भी पिछले 18 माह से लंबित है। कर्मचारियों ने यह भी मांग की है कि सहायक समिति प्रबंधकों को समिति प्रबंधक के पद पर प्राथमिकता से नियुक्त किया जाए तथा कंप्यूटर ऑपरेटरों को स्थायी किया जाए। ज्ञापन में चेताया गया कि यदि इन मांगों का समय पर समाधान नहीं किया गया तो दिनांक 23 जुलाई 2025 को जिले के समस्त पैक्स कर्मचारी मुख्यमंत्री निवास या विध्यांचल भवन का घेराव करेंगे और धरना प्रदर्शन/चक्काजाम किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष इंदर सिंह गौड़, संगठन संरक्षक संतोष शुक्ला, महासचिव बहादुर सिंह भाटी, धर्मेंद्र सिंह सेंधव, धीरज सिंह सेंधव, जीवन सिंह राजपूत, राजेश सिंह राजपूत, जीवन गोस्वामी, गोपाल सिंह सेंधव, मुकेश मंडलोई, सत्यनारायण, देवेंद्र सिंह सेंधव, राकेश सिंह बेस, सोनू पाटीदार, बबलू मालवीय, अखिलेश पाटीदार और रामेश्वर मंडावत सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने जिले से पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर चर्चा की।

# जिला स्तरीय कराते प्रतियोगिता का हुआ समापन 210 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




सरस्वती विद्या मंदिर (सीबीएसई), मुखर्जी नगर, देवास में जिला स्तरीय कराते प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। इस प्रतिष्ठित आयोजन में देवास जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए लगभग 210 से अधिक बालक बालिकाओं ने दमखम के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन कराते एसोसिएशन ऑफ देवास के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम सिंह पवार ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम सभापति रवि जैन थे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में मनीष सेन, जुगनू गोस्वामी, राजेश यादव, विद्यालय प्राचार्य राजेश त्रिवेदी, एडमायर एकेडमी डायरेक्टर संगीता गोयल मेडमउपस्थित थे। कार्यक्रम का कुशल संचालन पंकज वर्मा ने किया। प्रतियोगिता के दौरान बालक-बालिकाओं के बीच रोमांचक कराते मुकाबले हुए, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडिय़ों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। प्रतिभागी खिलाडिय़ों को कराते एसोसिएशन ऑफ देवास द्वारा टी-शर्ट भी प्रदान की गईं, जो उनके उत्साह और सम्मान का प्रतीक रहीं। दीपक बामनिया ने आयोजन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं, जबकि कराते एसोसिएशन ऑफ देवास के सचिव आतिश माली ने समस्त प्रतियोगिता का समन्वय व मार्गदर्शन किया।

# अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने वालों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई, काटे गए चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




नगर निगम द्वारा सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान अंतर्गत निगम आयुक्त रजनीश कसेरा के द्वारा दिये गये निर्देश अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी करने और सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलिथीन का उपयोग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

इसी के साथ ही निगम स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी करने वालों और सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलिथीन का उपयोग करने वालों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की जा रही है। निगम स्वच्छता निरीक्षक भूषण पवार द्वारा फल सब्जी ठेले एवं चौपाटी ठेले वालों को निर्देश दिए गए हैं कि सरकार ने 40 माइक्रॉन से कम मोटाई वाली प्लास्टिक पॉलीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है।

व्यवसाई सिंगल प्लास्टिक के स्थान पर पर्यावरण हितैषी वस्तुओं का प्रयोग करें। स्वच्छ भारत मिशन से अरुण तोमर ने बताया कि पॉलीथिन पर्यावरण के लिए हानिकारक है। जो अनेक घातक बीमारियों को जन्म देती है। पॉलीथिन के स्थान पर कपड़े के बैग या जूट के बैग का उपयोग करे ताकि पर्यावरण के अनुकूल वातावरण बना रहे। संपूर्ण कार्यवाही के दौरान निगम सहयोगी संस्था बेसिक्स टीम लीडर, सुपरवाइजर एवं निगम अतिक्रमण की टीम उपस्थिति रही।

### रेलवे माल ढुलाई के ट्रकों के कारण जाम में फंसे लोग, दो घंटे तक होते रहे परेशान



**देवास।** रेलवे से माल लेकर बिंजना क्षेत्र की एक कंपनी तक पहुंचने वाले भारी ट्रकों ने राजीव नगर, संजय नगर और आसपास के रहवासियों की परेशानी बढ़ा दी है। रोजाना सुबह इन ट्रकों की लंबी कतारें लगने से क्षेत्र में जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे आमजन खासतौर पर स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।सोमवार सुबह करीब डेढ़ सौ ट्रकों का रैक लगा हुआ था, जिससे आमजन व स्कूली छात्र-छात्राएं दो घंटे तक फंसे रहे। पुलिस पहुंची तब रास्ता खुला। रहवासियों ने मांग की है कि रेलवे से माल आने वाली रैक की डिलीवरी रात में की जाए ताकि दिन के समय जाम की स्थिति न बने और लोग आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। स्थानीय निवासी महेश नागर ने बताया कि मंगलवार को भी जाम की स्थिति बनी थी। उन्होंने स्वयं ट्रैफिक खुलवाया और इस संबंध में थाना प्रभारी से चर्चा भी की, जिन्होंने जल्द समाधान का आश्वासन दिया है।स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद यातायात सुचारू हुआ।

# चन्द्रकेश्वर तीर्थ स्थल पर पहुंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




सावन माह प्रारंभ होते ही शिव की भक्ति का रंग हर शिव मंदिरों में नजर आने लगता है। पूरे सावन शिव की भक्ति में लोग कोई कावड़ यात्रा निकालते है और कई आयोजन किए जाते हैं। इसी के चलते प्राचीन चन्द्रकेश्वर तीर्थ स्थल पर सावन माह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। खास कर सावन माह के सोमवार के दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु तीर्थ स्थल पर पहुंचते हैं और वहां पर चन्द्रकेश्वर महादेव का पूजन करते हैं। साथ ही यहां से महिलाओं द्वारा जल भरकर पैदल कावड़ यात्रा निकाली जाती है। सावन माह के दूसरे सोमवार को भी चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु चन्द्रकेश्वर तीर्थ स्थल पहुंचे, जहां पर पूजन करने के बाद महिलाओं द्वारा पैदल कावड़ यात्रा अपने-अपने गांव तक निकाली गई। इस दौरान आसपास के गांव के युवाओं द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसादी के रूप में खिचड़ी का भी वितरण किया। चन्द्रकेश्वर तीर्थ स्थल चमन ऋषि की तपोभूमि है। साथ ही विंध्याचल के पर्वतों के बीच स्थित होने के कारण यहां की प्राकृतिक सौंदर्य भी अद्भुत नजर आता है। यहां पर चन्द्रकेश्वर महादेव की शिवलिंग हमेशा जल में डूबी रहती है। इसलिए सावन माह में यहां से अपने-अपने गांव तक महिलाएं पैदल कावड़ निकलती है। इस दौरान रास्ते में जगह-जगह संचालित राम रसोड़ा व अन्य स्थानों पर महिला कांवड़ियों का स्वागत कर स्वल्पाहार वितरण किया जाता है।

### आज धाराजी घाट से मां नर्मदा का जल भरकर प्रारंभ होगी भव्य कावड यात्रा

# बोल बम कावड़ यात्रा में 150 किमी तय करेंगे कावड़ यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

मालवाअंचल की सबसे बड़ी 150 किलोमीटर की बोल बम कावड़ यात्रा मां नर्मदा के पवित्र धाराजी तट से बाबा महांकाल उज्जैन तक 22 जुलाई से 29 जुलाई तक निकाली जाएगी। यात्रा का यह 29 वां वर्ष है। यात्रा में देवास सहित अन्य जिले के यात्री भी शामिल होंगे। यात्रा में हर वर्ष लगभग हजारों की संख्या में कावड़ यात्री शामिल होते है। यात्रा संयोजक गिरधर गुप्ता ने बताया कि कावड़ यात्रा कई उद्देश्य को लेकर निकाली जा रही है, जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जल संवर्धन, पेड़ लगाओ पर्यावरण की रक्षा आदि शामिल है। कावड़ यात्री प्रत्येक वर्ष जहां-जहां रात्रि विश्राम करते हैं वहां पर पौधा जरूर लगाते है।



### लोग जुड़ते गए कारवां बढता गया

यात्रा की शुरुवात सन 1997 में महज 51 यात्रियों के साथ हुई थी,जो वर्ष 2024 में 1200 पहुंच गई ,2025 में भी 1200 से अधिक यात्रियों के शामिल होने की उम्मीद है।

### यात्रा के माध्यम से किए गए सेवा कार्य

प्रत्येक कावड़ यात्री से पंजीयन शुल्क की राशि ली जाती है। अभी तक कावड़ यात्रा संघ ने 20 लाख से अधिक की राशि से एकत्रित की। जिसमे धाराजी धर्मशाला निर्माण, नर्मदा मंदिर में सहयोग सनातन विचार मंच में सहयोग, चापड़ा में धर्मशाला निर्माण में सहयोग, पूंजापुरा में सामुदायिक हाल निर्माण, नरवल धर्मशाला निर्माण में सहयोग,उत्तराखंड आपदा में सहयोग, चंद्रकेसर गौशाला में सहयोग, बागली मुक्ति धाम में सहयोग, चामुंडा माता मंदिर बरोठा में टीन सेट निर्माण में सहयोग,बोरखेड़ा धर्मशाल निर्माण में सहयोग,टप्पा,पटाड़ी में सहयोग राशि प्रदान कर चुका है।

### यात्रा के पडाव

यात्रा का प्रथम पड़ाव पीपरी में मंगलवार 22 जुलाई को रहेगा, 23 जुलाई बुधवार को यात्रा पूंजापुरा पहुंचेगी, 24 जुलाई गुरुवार को यात्री चापड़ा में रात्रि विश्राम करेंगे, वहां से हाटपिपलिया होते हुए 25 जुलाई शुक्रवार को बरोठा में रात्रि विश्राम रहेगा। 26 जुलाई शनिवार को मां चामुण्डा की नगरी देवास में यात्री रुकेंगे। 27 जुलाई रविवार को नरवल में एवम 28 जुलाई सोमवार को शाम को यात्रा बाबा महांकाल की नगरी उज्जैन पंहुचेगे। 29 जुलाई को प्रातः मां नर्मदा का पवित्र जल बाबा महाकाल को चढ़ाकर यात्रा पूर्ण होगी। यात्रा संरक्षक प्रदीप मेहता, पुजारी दीपक, विवेक पंडित ने बताया यात्रा में जाने वाले यात्रियों को 22 जुलाई को प्रातः 9:00 बजे धाराजी पहुंचना होगा।

# आठ साल से फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा




ऑपरेशन हवालात अंतर्गत थाना भौरांसा के द्वारा संबंधी प्रकरण में प्रकरण क्रमांक 549/17 धारा 294, 323,324 भादवि का आरोपी जितेंद्र उर्फ कट्टा पिता रामचंद्र उम्र 40 साल निवासी भोरासा हाल मुकाम दुर्गा नगर खटांबा लगभग 08 वर्षों से लगातार पुलिस गिरफ्त से दूर चल रहा था।

जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी भौरांसा प्रीति कटारे के नेतृत्व में "ऑपरेशन हवालात" के तहत विशेष टीम गठित की गई थी । जो कि मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रत्यनशील थी ।रविवार को पुलिस को पुख्ता सूचना मिली फरार स्थाई वारंटी आरोपी को जिला देवास में देखा गया है, जिस पर तत्काल पुलिस अधीक्षक ने आरोपी की धरपकड़ हेतु टीम को रवाना किया ।

उक्त टीम ने सफलता पूर्वक फरार स्थाई वारंटी आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय सोनकच्छ के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

## खबर संक्षेप

### बहू ने लगाया दहेज में कार मांगने का आरोप

**ललितपुर।** महरौनी अंतर्गत ग्राम भैरा के टपरियां निवासी रचना पत्नी प्रदीप सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि रविवार को सुबह करीब 8 बजे वह अपने घर ससुराल में बड़ी बहन संजना से फोन पर बात कर रही थी, तभी उसका पति प्रदीप सिंह पुत्र कल्याण सिंह लोधी आया और गालियां देने लगा। विरोध करने पर मारपीट करते हुये अपने भाई-भाभी से अतिरिक्त दहेज में बुलैरो कार लाने की बात कही। पीड़िता ने बताया कि उसके ससुराली आये दिन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट करते रहते हैं। घटना की सूचना जब उसने अपनी सास सीमा व ससुर कल्याणसिंह को दी तो उन्होंने भी गालियां देते हुये मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति, सास व ससुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी

### भाइयो के विवाद में खेत की मेड़ तोड़ी, मारपीट

**ललितपुर।** पाली थानान्तर्गत ग्राम करमरा निवासी सुखदयाल पुत्र स्व.बालचंद्र लोधी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पिता की मृत्यु करीब 6 माह पहले हुयी थी। इसके बाद विरासत में तीन भाई व मां के नाम से बराबर जमीन दर्ज हो चुकी थी। उसने अपने हिस्से की जमीन में उड़द की फसल बोयी थी, वहां उसके भाई भगवान सिंह ने उसके हिस्से की जमीन की मेड तोड़ दी और 20 जुलाई की शाम करीब 5 बजे जब वह खेत पर था, तभी उसका भाई आया और मेड बंदी को लेकर गालियां दी। विरोध करने पर उसे जमीन पर पटककर लात-घूसों से मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर भगवान सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 324 (4), 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### शिक्षक विधायक प्रतिनिधि को मातृ शोक

ललितपुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की शोक सभा हरिहर नारायण तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी की माताऔर शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष डा.हेमंत तिवारी की दादी रामसखी देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया। सभा में जी.एल.गौतम, हरिहर नारायण, देवसिंह यादव, उमाशंकर वर्मा, राजेंद्र संखवार, सीताराम सेन, फूलसिंह आदि कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन, बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन, कर्मचारी संयुक्त मोर्चा, राजकीय शिक्षक संघ, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने भी शोक जताया। वक्ताओं ने कहा कि बुंदेली भाषा के विकास में सक्रिय योगदान देती रहीं रामसखी तिवारी, 96 वर्ष की उम्र में दिवंगत हुई रामसखी तिवारी एलएलएफ फाउंडेशन द्वारा बुंदेलखंडी भाषा के विकास के लिए तैयार की गई सामग्री के शिक्षण सामग्री के निर्माण कार्य से गंभीरता से जुड़ी रही।



### ललितपुर रेलवे स्टेशन पर तीन मोबाइल फोनों सहित पकड़ाया चोर



**ललितपुर।** रात्रि में आरपीएफ ललितपुर के उप निरीक्षक घनेन्द्र सिंह कांस्टेबल रमेश कुमार यादव एवं जीआरपी ललितपुर के उप निरीक्षक राजेश सिंह,उप निरीक्षक दिलीप कुमार मय हमराही द्वारा स्टेशन परिसर एवं ट्रेनों में घटित होने वाली चोरी संबंधी घटनाओं के मद्देनजर संयुक्त गश्त एवं निगरानी के दौरान ललितपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 1 पर मोबाइल चोर करतार सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह को चोरी के 3 मोबाइल फोनों सहित रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

---

### कॉलेज में पढ़ाई के साथ खेल के संसाधनों का भी कराएंगे विकास

# उज्जवल भविष्य बनाने के लिए छात्र बड़े सपने देखें: उप राज्यपाल सक्सेना

- सेवानिवृत्त शिक्षकों व मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित
- अटल निष्ठा व कठिन परिश्रम से कॉलेज का नाम रोशन करें छात्र







हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बुंदेलखंड की माटी में पहले और बड़े और इसी भूमि से शिक्षित हुए महामहिम उप राज्यपाल, दिल्ली सरकार विनय कुमार सक्सेना ने सोमवार को सपरिवार ललितपुर का भ्रमण किया, जिसके तहत उन्होंने तालबेहट स्थित महाराजा मर्दन सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित सम्मान/स्वागत कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सेवानिवृत्त हुए शिक्षकगणों, विद्यालय प्रबंध्यान समिति के सदस्यों व नगर के अन्य गणमान्य नागरिकों को प्रशस्ति पत्र व सॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कॉलेज परिसर में राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, ब्लॉक प्रमुख तालबेहट विजय सिंह, अध्यक्ष नगर पंचायत तालबेहट पुनीत सिंह परिहार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने महामहिम उप राज्यपाल एवं उनकी धर्मपत्नी संगीता सक्सेना का बुके भेंट कर स्वागत किया, इसके पश्चात महामहिम उपराज्यपाल ने परिवार सहित परिसर में वृक्षारोपण किया और विद्यालय के संस्थापक कीर्तिशेष सुदामा प्रसाद गोस्वामी एवं संस्थापक प्रधानाचार्य राम कुमार त्रिपाठी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर सुरेन्द्र सिंह आईएएस, सचिव उपराज्यपाल, ईशा खोसला आईएएस, विशेष सचिव उपराज्यपाल, सोनिका सिंह आईएएस, विशेष सचिव-सह-निजी उपराज्यपाल उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्होंने 1975 में इसी कॉलेज में शिक्षा गृहण की और यहां एक छात्र संघ की स्थापना की। बाद में वे इसके महासचिव चुने गए। इसके बाद 1981 में कानपुर विश्वविद्यालय से स्नातक होने के बाद, उन्होंने पायलट लाइसेंस प्राप्त किया और 23 मई 2022 को उन्हें महामहिम राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया। उन्होंने कहा कि आज यहां आकर उनकी सभी यादें ताजा हो गई हैं, विद्यालय में बिताया हुआ हरेक पल उन्हें आज याद आ रहा है। आज पुराने साथी और हमारे अध्यापकगणों से मिलने का मौका मिला, उनका सम्मान करने का मौका मिला। आज जो खुशी का मौका मिला है उसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। उन्होंने छात्र जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि छात्र के जीवन में सबसे महत्वूपर्ण स्थान शिक्षा का होता है, उसे से छात्र की भविष्य की नीव रखी जाती है। उन्हें गर्व है कि वे इस कॉलेज के छात्र रहे हैं। राज्यमंत्री के अनुरोध पर महामहिम ने आश्वासन दिया कि वे इस इण्टर कॉलेज को डिग्री कॉलेज बनाने के लिए मुख्यमंत्री से स्वयं मिलेंगे और पूरा प्रयास करेंगे कि इस कॉलेज को डिग्री कॉलेज की मान्यता मिले। यहां पढ़ाई के साथ खेल के साधनों का विकास किया जाएगा और टॉयलेट ब्लॉक, बड़ी लाईब्रेरी भी बनायी जाएगी।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सपने हमेशा बड़े देखने चाहिए, तभी आप कुछ बड़ा कर सकते हैं, भविष्य में कुछ बनने के लिए आपको आज से ही अपना लक्ष्य निर्धारित करना होगा, आप सभी अपना लक्ष्य निर्धारित कर पूरी निष्ठा व ईमानदारी से उसे हासिल करने के लिए परिश्रम कीजिए और इस कॉलेज का नाम रोशन कीजिए। कार्यक्रम में उपराज्यपाल द्वारा सेवानिवृत्त अध्यापकों - वीरेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, जगदीश प्रसाद बिलगैयां, बृजबिहारी उपाध्याय, शंकर दयाल चतुर्वेदी, रामभरोसे गोस्वामी, बालमुकुन्द पुरोहित, शिवदीन पराग, शिवचरन साहू का प्रशस्ति पत्र प्रदान कर व सॉल ऑढ़ाकर सम्मान किया गया। इसके साथ ही इण्टरमीडिएट व हाईस्कूल के मेधावी छात्रों अभिषेक गौतम, अरूण यादव, अनस अली पुत्र रसीद अली, शिशुपाल गौतम आदि मौजूद थे।

---

### चालक समेत दो घायल

# रालोद युवा जिलाध्यक्ष की कार डिवाइडर से टकराई




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बीती देर रात राष्ट्रीय लोक दल के युवा जिलाध्यक्ष की कार अनियंत्रित होकर तुवन चौराहा पर विद्युत पोल के बाद डिवाइडर से जा टकराई। हालांकि इस हादसे में किसी को गंभीर घायल तो नहीं हुवे, लेकिन कार सवार समेत दो घायल अवश्य हुये, जिन्हें एम्ब्युलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि टक्कर लगने के बाद कार में मौजूद सभी एयरबैग खुल गये। अब पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। हाल ही में राष्ट्रीय लोक दल के युवा जिलाध्यक्ष बने तालाबपुरा निवासी पुरुषोत्तम कुशवाहा उर्फ परशु भैया जो कि सफेद कपड़ों से पहचाने जाते हैं। परशु कुशवाहा रविवार को घूमने के लिए अपनी नेक्सोन कम्पनी की नयी नवेली कार संख्या यू.पी.94 ए.एफ. 8832 लेकर जाखलौन की ओर घूमने गये हुये थे। वह देर शाम साढ़े सात बजे के दरम्यान जाखलौन से लौट रहे थे। जहां से युवा जिलाध्यक्ष परशु कुशवाहा गायों को कार की डिग्गी में लेकर मुख्यालय स्थित वर्णी कॉलेज के पास पशु अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां एक घायल गौवंश को उपचार के लिए भर्ती किया गया। समय व्यतीत होते-होते रात करीब 11.45 से 12 बजे के मध्य परशु कुशवाहा अपने साथ गोविन्दनगर निवासी देवेन्द्र कुशवाहा उर्फ चंगे के साथ स्टेशन की ओर से कार को अंधी रफ्तार से भगाते हुये लौट रहा था। तभी तुवन चौराहा पहुंचते ही अंधी रफ्तार से भाग रही कार पहले चौराहे पर बने विद्युत पोल के चबूतरे से टकराई और फिर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर चकनाचूर हो गयी। कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि कार के अंदर मौजूद सभी एयरबैग खुल गये। इस घटना में परशु कुशवाहा के साथ कार में मौजूद देवेन्द्र कुशवाहा उर्फ चंगे को सिर में चोट आयी। कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर हुये इस हादसे को देखकर तत्काल पुलिस कर्मी मौके पर जा पहुंचे, जिन्होंने डायल 108 एम्ब्युलेंस के जरिए दोनों कार सवारों को प्राथमिक चिकित्सा के लिए जिला अस्पताल भेजा। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

गाजे बाजे के साथ हर हर महादेव के जयकारे लगाते निकले श्रद्धालु

# आजादपुरा से सीतापठ तक निकाली गई कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



श्रीजी प्रभात फेरी मंडल के तत्वावधान में सावन महीने के द्वितीय सोमवार एवं एकादशी के पावन अवसर पर आजादपुरा तृतीय से कावड़ यात्रा निकाली गई। सैकड़ों भक्त नाचते झूमते शोभायात्रा के रूप में गाजे बाजे के साथ निकले। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ। कावड़ यात्रा का समापन सिद्ध क्षेत्र श्रीसीतापाठ मंदिर धाम पर भूत भावन भूतनाथ भगवान के मंदिर पर सभी ने अभिषेक के साथ किया गया। श्रीजी प्रभातफेरी मण्डल प्रतिदिन 10 वर्षो से कृष्णानगर आजादपुरा में लगातार निकाली जा रही है। प्रभातफेरी मण्डल के तत्वाधान में अनेक सामाजिक कार्यो में बढ़-चढकर हिस्सा लेते है। इस दौरान भूपेन्द्र सिंह, नरेश तिवारी, हरप्रसाद कुशवाहा, आत्माराम चौरसिया, जुगल किशोर, सूरजसिंह बुंदेला, नरेंद्र पाठक, महेंद्र राजा, रामबाबू नायक, इंद्रपाल राजा, प्रमोद विश्वकर्मा, जगदीश कुशवाहा, मुन्नीलाल राठौर, रामदास राठौर, जगभान राजपूत, रामेश्वर प्रसाद पांडे, धनीराम, मनोहर लाल, रानी श्रीवास्तव, किरण देवी, शगुन, अनीता, सूरज कुशवाहा, कोमल, शगुनसिंह, दीपक सिंह आदि शामिल हुए।

---

कालाबाजारी का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है

# पुलिस ने चावल से भरी पिकअप पकड़ी, खाद्य विभाग ने जब्त की

**ललितपुर।** चावल की कालाबाजारी का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस अधीक्षक के द्वारा पूर्व में बड़ी कार्यवाही की गई थी इसमें चावल सरगना की गिरफ्तारी हुई थी मगर पिछले दिनों से फिर चावल पिकअप से कारोबार पर किया जाने लगा गल्ला मंडी पुलिस चौकी ने लोडिंग गाड़ी की चेकिग के लिए रोका जिसमें चावल रखा देख पिकअप को थाने लाकर खड़ी करदी और पूर्ति विभाग के अधिकारियों को सूचना दें जिसको पूर्ति अधिकारियों ने जब्त कर लिया। लोडिंग गाड़ी में रखे बोरे चावल के, बोरे मे ड्राइवर ने कहा कि बह चदेरा इंडस्ट्रियल एरिया ले जा रहे थे मौके पर पहुंचे पूर्ति विभाग के अधिकारी, सीज हुई लोडिंग गाड़ी, जप्त की । ललितपुर में अभी भी चावल कारोबारीयो के हौसले बुलंद है



---

### सामाजिक समरसता गोष्ठी का आयोजन कल

**विदिशा।** विश्व हिंदू परिषद, जिला विदिशा द्वारा सामाजिक समरसता गोष्ठी का आयोजन कल मंगलवार को शाम 4:30 बजे रविंद्र नाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन में किया जाएगा। इस गोष्ठी के मुख्य अतिथि एवं वक्ता विनायक राव देशपांडे, केंद्रीय सह संगठन महामंत्री, विश्व हिंदू परिषद होंगे। विशेष अतिथियों के रूप में सुरेंद्र सिंह, डॉ. राज किशोर सिंह शाक्य, राजेंद्र गोहर चौधरी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनीत राम दिवाकर, सेवानिवृत्त शिक्षक द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर सभी समाजजनों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सामाजिक समरसता के उद्देश्य को सशक्त बनाने की अपील मलखान सिंह राजपूत, प्रांत सह मंत्री एवं सुनील यादव, प्रांत समरसता प्रमुख द्वारा की गई है।

---

# खेतों को गांव से जोड़ने वाली 3 लाख से बनी पुलिया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



ग्राम पंचायत अहमदानगर से खेतों तक जाने के लिए लगभग 3 लाख रुपए की लागत से बनाई गई पुलिया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। पंचायत द्वारा इस पुलिया का निर्माण कराया गया था।

पहली बारिश में ही पुलिया के परखच्चे उड़ गई। पहले पुलिया के ऊपर क्रेक आया। इसके बाद बारिश में पानी निकलने के दौरान पुलिया का आधा हिस्सा ही बारिश में बह गया। पुलिया निर्माण में हुए भ्रष्टाचार का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। क्योंकि खेतों तक जाने के लिए इस पुलिया का निर्माण कराया गया था। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया बनने के बाद खेतों तक जाने के लिए रास्ता सुगम हो गया था। लेकिन पुलिया का घटिया निर्माण होने के कारण एक ही बरिश में पुलिया बह गई। ग्रामीणों ने मांग की है कि पुलिया निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। ताकि कोई भी व्यक्ति शासन द्वारा जारी राशि से तरीके का घटिया निर्माण कर भ्रष्टाचार न कर सके।

---

### नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान के तहत दिलाई जा रही शपथ

# सिविल लाइन पुलिस ने चलाया जनजागरूकता अभियान कई स्थानों पर की नशे से बचने की अपील, शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान के अंतर्गत थाना सिविल लाइन पुलिस विभिन्न क्षेत्रों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के तहत थाना सिविल लाइन पुलिस ने सबसे पहले इंडस्ट्रीज एरिया स्थित केमिकल फैक्ट्री के समीप लगभग 30 से 40 रहवासियों एवं कर्मचारियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी और नशा मुक्त जीवन जीने की प्रेरणा दी। इसके बाद पीतलमिल क्षेत्र में लगभग 70 नागरिकों और सागर पुलिया क्षेत्र में करीब 50 लोगों को संबोधित किया गया। इन सभी स्थानों पर उपस्थित लोगों को बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक स्थिति को प्रभावित करता है, बल्कि उसका आर्थिक नुकसान भी करता है। साथ ही, यह परिवार और समाज की शांति एवं प्रगति में भी बाधक बनता है। पुलिस टीम ने आमजन से अपील की कि वे स्वयं तो नशे से दूर रहें ही, साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें, जिससे एक नशा मुक्त समाज की दिशा में ठोस कदम उठाया जा सके।



### पुलिस ने नारकोटिक्स हेल्पलाइन जारी की

थाना सिविल लाइन पुलिस ने आमजन से यह भी अपील की है कि यदि किसी को आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री, संग्रहण अथवा तस्करी की जानकारी मिले, तो वे तुरंत विदिशा पुलिस की नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर 7587637810 पर सूचना दें। सूचक की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

---

# चुनाव में सुजीत बने धानुक बरार समाज के नगराध्यक्ष



**ललितपुर।** धानुक बरार समाज नगर अध्यक्ष का चुनाव वोट मत से प्राथमिक विद्यालय नारायणपुरा स्कूल के सामने धानुक बरार धर्मशाला विष्णुपुरा में सम्पन्न हुआ, जिसमें सुजीत धानुक पुत्र जालम प्रसाद, दीपक पुत्र रामसेवक, सचिन पुत्र जीवन लाल, हरदास पुत्र हीरालाल चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया था, जिसका मतदान हुआ। मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराने वाले चुनाव अधिकारी राजस्व विभाग से सेवा निवृत्त मनीराम वर्मा, अध्यापक राजेश रघुवंशी, वरिष्ठ पत्रकार महेश वर्मा, अखिलेश वर्मा सिलावन, चुनाव अधिकारियों ने सुजीत धानुक को 313 मतो से विजयी घोषित किया। द्वितीय स्थान पर दीपक को 106 मत प्राप्त हुए, सचिन कोई मत प्राप्त नहीं हुए, हरदास नेता को 105 मत प्राप्त हुए इस चुनाव में कुल 547 मत डाले गये 23 मत निरस्त हुए। इस अवसर पर शिवप्रसाद, आशाराम नगेले, प्रमोद कुमार, पंकज वर्मा, अशोक मुड़ेले, राजेश मस्ताना आदि मौजूद थे।

### नशे में धुत होकर लाठियों से मारपीट का आरोप लगाया

**ललितपुर।** चौकी राजघाट क्षेत्रांतर्गत रहने वाली सरजू पत्नी जुझार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 19 जुलाई को सुबह 11 बजे वह अपने घर के बाहर बैठी हुयी थी। तभी पवन पुत्र रामदास, रामदास पुत्र अमर सिंह शराब के नशे में धुत्त होकर आये और उसके साथ लाठियों से मारपीट करने लगे। चीख-पुकार होने पर बचाव करने आयी बहू राधा के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### कालीपीठ थाना क्षेत्रान्तर्गत 10 दिनों पहले नौगांव आश्रम के समीप हुई थी वारदात

# मध्यरात्रि लूट को अंजाम देने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार, माल भी बरामद

## 50 से अधिक सीसीटीवी खंगालने के बाद मिली सफलता

### टैम्पों के सामने पिकअप अड़ाकर लूटी थी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

गत 10-11 जुलाई की दरम्यानी रात्रि कालीपीठ थानाक्षेत्रान्तर्गत राजस्थान रोड पर वाहन रोककर हुई करीब 1 लाख 56 हजार की लूट के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। इस पूरी वारदात को 7 बदमाशों ने अंजाम दिया था और बाद में लूट की राशि आपस में बांट ली थी। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनसे लूटा गया पूरा माल बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने ब्यावरा, बीनागंज, झालावाड़, मनोहरथाना, दांगीपुरा, कामखेड़ा इत्यादि जगहों पर घूमते हुए 500 किमी की दूरी तय कर करीब 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। सीसीटीवी के माध्यम से लगे सुराग के बाद आरोपी अंततः गिरफ्तार कर लिए गए। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने रविवार दोपहर कन्ट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर प्रकाश डाला।

लादूराम बागरी निवासी अनाज मंडी ब्यावरा भैंसों को बेचने के लिए खेड़ी गांव गए हुए थे। वहां से भैंसे बेचकर वे अपनी पत्नी बिल्लोबाई, भतीजे विक्रम, साले मांगीलाल के साथ सौराम तंवर निवासी तालाबपुरा के टैम्पों से वापस लौटे रहे थे। इस दौरान 10-11 जुलाई की रात्रि करीब 3 बजे जब टैम्पो नोगांव आश्रम के सामने मेन रोड पर पहुंचा तो पीछे से एक पिकअप वाहन ने टैम्पों को ओवरटेक करते हुए पिकअप आगे लाकर खड़ी कर दी। पिकअप में से तीन-चार लोग उतरे और सभी के साथ मारपीट करते हुए उनके पास रखे 1 लाख 56 हजार रुपए सहित दो मोबाइल, पर्स आदि लूटकर भाग गए। घटना के बाद फरियादी लादूराम ने तुरंत कालीपीठ थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज करवाई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन उपरान्त कालीपीठ टीआई जीतेंद्र अजनारे तकनीकी साक्ष्यों एवं सूचना तंत्र के आधार पर लुटेरों की तलाश शुरू की वहीं विभिन्न क्षेत्रों में लगे अनेकों सीसीटीवी कैमरे चेक करवाए गए।





### पुलिस से बचने बदल दिया था पिकअप का कलर

आरोपी जिस पिकअप वाहन से लूट कारित करके गए थे उन्होंने उसका बॉडी का कलर चेंज करवा दिया था ताकि पुलिस की पकड़ में न आ सकें। परंतु टीम द्वारा की गई जांच में उक्त वाहन चिन्हित कर लिया गया और पुलिस पिकअप मालिक प्रेमपुरा निवासी गणपत तंवर तक पहुंच गई। इसी दौरान मुखबिर से भी सूचना प्राप्त हो गई कि प्रकरण के आरोपी प्रेमपुरा ग्रिड के पास खड़े हुए हैं। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपियों को पकड़ लिया और बाद में आरोपियों द्वारा आपस में बांटे गए लूट के रुपए भी उनसे बरामद कर लिए।

### इन आरोपियों ने दिया था वारदात को अंजाम

वारदात को गणपत तंवर निवासी प्रेमपुरा, दीपक गोस्वामी निवासी बाकपुरा हाल जलालपुरा, रमेश तंवर ग्राम प्रेमपुरा, रामबाबू तंवर ग्राम भवानीपुरा, सोनू बंजारा निवासी रामगढ़ जिला अजमेर, टोनिया उर्फ टोनू बंजारा निवासी छापडेल जिला भिलवाड़ा राजस्थान व दिलीप तंवर निवासी प्रेमपुरा शामिल हैं।

### पुलिस और अहिंसा की टीम के सदस्यों ने चलाया है अभियान

# तंवरवाड़ को नशामुक्त बनाने नुक्कड़ नाटकों से दिया जा रहा संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

नशा नाश का कारण है, इस संदेश के साथ पुलिस एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम तंवरवाड़ क्षेत्र में नुक्कड़ नाटकों से जागरुकता अभियान सतत रूप से चला रही है। इसी कड़ी में देवलीकला गांव में मच की पीस वालेंटियर वंदना एवं साथियों द्वारा जब शराब, गांजा, अफीम, गुटखा, पाऊच के दुष्परिणामों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जीवंत रूप से प्रस्तुत किया गया।

नाटक की प्रस्तुति में युवतियों ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। यह न केवल स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है, बल्कि व्यक्ति की गरिमा, आत्मसम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा भी नष्ट नष्ट कर देता है। नशा व्यक्ति को अंदर से खोखला बना देता है और धीरे-धीरे उसकी निर्णय क्षमता, भविष्य की दिशा समाप्त होती जाती है। कार्यक्रम की मुख्य सूत्रधार वंदना पिछले 15 दिनों से अपने युवा मंच की किशोरियों एवं किशोरों के साथ लगातार अभ्यास कर रही थीं। उनका उद्देश्य सिर्फ एक है कि गांव को नशा मुक्त बनाना और युवाओं को सही दिशा दिखाना।

### संवाद सत्र का भी किया आयोजन

नाटक के अंत में गांव के सभी उपस्थित महिला, पुरुष एवं युवाओं के साथ एक संवाद सत्र भी आयोजित किया गया। इस सत्र में विशेष रूप से यह बताया गया कि कैसे नशे की लत युवाओं को शिक्षा, रोजगार और सम्मान से दूर कर रही है। इस अवसर पर कालीपीठ थाना पुलिस और अहिंसा टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की पहल समाज में सकारात्मक चेतना लाती है और प्रशासन भी ऐसे प्रयासों में हरसंभव सहयोग करेगा।

## बाबा महाकाल की सवारी को लेकर नगरवासी उत्साहित, दे रहे दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

दान के समान और कोई भी पुण्य नहीं है। महाकवि तुलसीदास द्वारा रचित इस दोहे को तुलसी पंछिन के पिये, घटे न सरिता नीर। दान दिये धन ना घटे, जो सहाय रघुवीर। इस भाव को आत्मसात करते हुए नगर के महादेव मित्र मंडल ने 4 अगस्त 2025 को निकलने वाली सावन सवारी एवं भंडारे के आयोजन को लेकर धन संग्रह करना प्रारंभ कर दिया है नगर में दानदाता समाज सेवियों का भरपूर सहयोग मंडल को मिल रहा है दानदाताओं में भी हर्ष है। मंडल कार्यकारी अध्यक्ष मनोहर सोनी एवं सवारी प्रभारी महेश पाटीदार ने बताया इस कार्य में मंडल सदस्य और पदाधिकारी सक्रियता से लगे हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया बाबा महादेव के नगर भ्रमण और पावन दर्शन को लेकर सावन सवारी के लिए नगर में श्रद्धालुओं के मन में काफी उत्साह और उमंग देखा जा रहा है उनकी श्रद्धा भावना देखते हुए लगता है इस बार और अधिक सामाजिक संस्थाध्स्वागत कर्ताओं की ओर से स्वागत मंच बनेंगे।

महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश पुष्पद में बताया कि मंडल, नगर एवं संपूर्ण क्षेत्र की सुख समृद्धि और शांति की कामना से यह भव्य यात्रा निकालता आ रहा है। श्रद्धालु अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दर्शन लाभ लेकर अपने जीवन को कृतार्थ करें। रविवार को मंडल के सदस्यों द्वारा बस स्टैंड ए बी रोड परशुराम चोराहा अकोदिया नाका के दुकानदारों से धन संग्रह किया सभी दुकानदार बाबा की सवारी को लेकर उत्साहित है और मुक्त हस्त से दान कर रहे हैं इस दौरान मंडल के वरिष्ठ परामर्श पदाधिकारी एवं सभी सदस्य धन संग्रह में शामिल थे।

## बैठक आयोजित कर पेंशनरों ने चिकित्सा भत्ता की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

स्थानीय पेंशनर भवन में पेंशनर्स संघ की बैठक आयोजित हुई। जिसमें वर्ष भर की गतिविधियों पर चर्चा की गई। जहां पर अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने वर्ष 2024-2025 का आय व्यय प्रस्तुत किया गया जिसे सर्वानुमति से अनुमोदित किया। तथा निर्णय किया गया की शासन से चिकित्सा भत्ता, केंद्रीय दर महंगाई भत्ता देने, धारा 49 की समाप्ति सहित अन्य सुविधाएं लागू की जाए। बैठक की अध्यक्षता पूर्व एसडीएम आरएन कुशवाहा ने की। जहां पर प्रमुख रूप से ठाकुर मोहन सिंह जमींदार, सुरेश भावसार, मोहनलाल हिंडोनिया, चुन्नीलाल कुशवाहा, जेसी गुप्ता, ओम गुप्ता, देवीलाल चौहान, रामबाबू शर्मा, मोहनलाल स्वर्णकार, शिवनारायण मंडलोई सहित अन्य पेंशनर उपस्थित रहे।

## कावंड़ियों का छापीहेड़ा में स्वागत, उज्जैन से पैदल चलकर लाए जल सिकंदरी महादेव पर होगा अर्पित




हरिभूमि न्यूज ▶▶छापीहेड़ा

सावन के महीने में बमबम का नारा चारों तरफ गूंजता है तो मानो वायुमंडल में एक अलख जागृत हो जाती है उसी अलख से धरती के सभी जीवों को सेसनातनी पुरातत्व काल से भक्ति में अर्जित रहता आया जो आज के नवयुवकों मैं जोश की तरह दिखाई पड़ता है सावन के इस पवित्र महीने में शिप्रा जल कावड़ भरकर उज्जैन से नंगे पैर पैदल चलकर भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए ग्राम सिकंदरी के सरपंच प्रतिनिधि रामबाबू नागर और ईस्ट मित्र कई भक्तों की टोली का नगर छापीहैड़ा तनिष्क रेस्टोरेंट के सामने मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल रजक अमित झंझावात सागर सिंगी बाबूलाल गुप्ता नाटाराम वाले तथा नगर के कई वरिष्ठ लोगों ने कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया।

## देशभक्ति की मिसाल : पूर्व नपाध्यक्ष रूपल हर वर्ष सैनिकों को भेजी जाती हैं राखियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

देश की सीमाओं पर तैनात भारतीय सेना के जवान कठिन परिस्थितियों में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। चाहे कड़कड़ाती सर्दी हो, झुलसाती गर्मी या मूसलाधार बारिश। उनकी सेवा और त्याग के प्रति सम्मान प्रकट करने आम नागरिक अपने-अपने स्तर पर विभिन्न प्रयास करते हैं। ऐसा ही एक प्रेरणादायक कार्य विगत 11 वर्षों से सारंगपुर की पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रूपल प्रमोद सादानी द्वारा किया जा रहा है। वे हर वर्ष अपने हाथों से रक्षा सूत्र (राखियां) बनाकर रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली को स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजती हैं। उनका यह प्रयास सैनिकों के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना का अनूठा उदाहरण है, जिसकी क्षेत्र में व्यापक सराहना होती रही है। गौरतलब है कि अपने कार्यकाल के दौरान रूपल सादानी ने 17 माह का वेतन 81,700 भी पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों के कल्याण हेतु बनाए गए कोष में दान कर दिया था। इस कार्य के लिए उन्हें राज्यभर में प्रशंसा मिली थी। उनके इस सतत प्रयास को न केवल देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत बताया जा रहा है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अनुकरणीय प्रेरणा भी है।

## सीएम का कुरवाई आना क्षेत्र के लिए गौरव की बात, विकास को नई दिशा मिलेगी: जिपं अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरवाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित कुरवाई दौरे को लेकर जनपद पंचायत कार्यालय कुरवाई में एक समीक्षा बैठक हुई। बैठक की जिपं अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त गीता कैलाश रघुवंशी ने की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के स्वागत-सत्कार, मंच व्यवस्था, अतिथि प्रबंधन, आमंत्रण पत्र वितरण, सुरक्षा व्यवस्था, प्रचार-प्रसार और जनसहभागिता जैसे अहम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को विभागीय जिम्मेदारियां सौंपते हुए समन्वित और समयबद्ध कार्य की अपेक्षा



जताई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी ने कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कुरवाई आगमन हमारे लिए गर्व का विषय है। यह न केवल क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगा, बल्कि हमारी सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक विरासत को भी एक नई पहचान दिलाएगा।

### विधायक सप्रे ने सरपंच सचिवों को दिए निर्देश

बैठक में प्रमुख रूप से शामिल हुए विधायक हरिसिंह सप्रे ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 23 जुलाई को प्रस्तावित कुरवाई दौरे को लेकर शनिवार को जनपद अंतर्गत सरपंचों एवं सचिवों को संबोधित किया। विधायक सप्रे ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने और अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। सभी सरपंचों और सचिवों ने कार्यक्रम को सफल बनाने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक ग्राम में जनसंपर्क अभियान चलाकर हितग्राहियों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा।

### महिला का शव कमरे में पड़ा मिला

**कालापीपल।** कालापीपल में सोमवार सुबह 10 बजे वार्ड 8 में अफरा-तफरी मंच गई, जब एक 37 वर्षीय महिला का शव कमरे में पड़ा हुआ मिला। पुलिस की जांच के दौरान महिला के पास से पैन कार्ड मिला है, जिससे उसकी पहचान असम गुवाहाटी की अनीता सेन के रूप में की गई। फॉरेंसिक टीम की जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए कालापीपल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। थाना प्रभारी मनोहर सिंह ने बताया की 37 वर्षीय महिला का शव मिला है, जिसकी गर्दन पर घाव के निशान थे। देखने पर ऐसा प्रतीत होता था कि गला रेत कर उक्त महिला की हत्या की गई है।

### बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम, चलाया जा रहा अभियान

**विदिशा।** जिले में 1 से 20 जुलाई तक चल रहे बाल भिक्षावृत्ति विरोधी जागरूकता अभियान के तहत शनिमंदिर बेतबा घाट क्षेत्र में अभियान चलाया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने जिला कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की।

## सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति की बैठक आयोजित हुई

**जीरापुर।** पुलिस थाना परिसर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई तथा आगामी धार्मिक आयोजन मनायें जाने पर विचार किया। इसी दौरान समिति के माध्यम से मंदिर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को व्यवस्थित एवं हर्षोल्लास से मनाया जाने का तय किया। तथा मंदिर समिति में पदेन अध्यक्ष थाना प्रभारी रहेंगे। सचिव पद पर राजेश गुप्ता नाना, कोषाध्यक्ष अशोक गुप्ता परोलिया सहित संरक्षक रामेश्वर टांक मोहनसिंह राजपूत, रामचंद्र सोनी, मुरलीधर वर्मा, दिनेश जमींदार, गिरीराज गुप्ता, हेमंत जोशी, गिरीराज सिंगी, मुरली टांक, शिवप्रसाद मेरोठा, रामनारायण सोनी, देवकीनंदन जमींदार, बंकट माहेश्वरी को बनाया गया जो मंदिर व्यवस्था को सुचारू अंजाम देने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।

मंदिर की दान पेटी वर्ष में दो बार खोली जायेंगी जिसके लिए सदस्य के नाम भी तय किए गए। किसी भी प्रकार के हाल में होने वाले कार्यक्रमों की चाहें वह निजी या सामुहिक आयोजन हो पांच सो रूपए की रसीद चार्ज लगेगा एवं तीन सो रूपए सफाई चार्ज अग्रिम लिया जाएगा कार्यक्रम आयोजित करने वाले द्वारा सफाई नहीं कराने कि स्थिति में राशि वापस नहीं की जाएगी।

### वार्ड-4 की महिलाओं ने निकाली कांवड़ यात्रा

# नेवज मैया के जल से किया खोयरी महादेव का अभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

श्रावण के पवित्र माह में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजन चल रहे हैं। कहीं भक्तों द्वारा कांवड़ यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है तो कहीं शिवालयों में पूजन, अभिषेक इत्यादि चल रहे हैं। इसी कड़ी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वार्ड-4 कालाखेत की मातृ-शक्तियों द्वारा रविवार को कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया।

वार्ड-4 की पार्षद सरोज कटारिया, सुगन मालवीय सहि अन्य महिलाओं के नेतृत्व में ढोल-ढमाकों के साथ कालाखेत स्थित मंदिर से भोलेनाथ के जयकारों के साथ आरंभ हुई यात्रा छोटे पुल पहुंची। यहां से कांवड़ में नेवज मैया का जल भरते हुए यात्रा खोयरी स्थित बैजनाथ महादेव मंदिर पहुंची जहां सभी ने भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन किया।

**तीन दिनों तक बनाए जाएंगे पार्थिव शिवलिंग-** नगर की धर्मप्रेमी महिलाओं द्वारा श्रावण मास में विगत 10 वर्षों से पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी इंगले कॉलोनी स्थित आर्शिवाद हनुमान मंदिर में महिलाएं, युवतियां और कन्याएं पार्थिव शिवलिंग बनाने में जुटी हुई हैं। शनिवार से आरंभ हुआ यह पुनीत कार्य सोमवार तक चलेगा।

### सारंगपुर का गौरवशाली शिवधाम बना आध्यात्मिक चेतना का केंद्र

# नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर : श्रद्धा, इतिहास और दिव्यता का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

मालवा की पुण्यभूमि पर अवस्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि ऐतिहासिक और स्थापत्य दृष्टि से भी अद्वितीय है। सारंगपुर के पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित यह प्राचीन शिवालय नगर की आत्मा के समान है, जिसकी दिव्यता श्रद्धालुओं के हृदय को शिवत्व से भर देती है। संवत 1234 में राजा सारंगदेव द्वारा स्थापित यह मंदिर नगर के प्राचीनतम शिव मंदिरों में से एक है। राजा सारंगदेव की शिवभक्ति और स्थापत्य-कला की दृष्टि आज भी इस धाम के रूप में जीवंत है।

मंदिर का स्थापत्यशास्त्र ऐसा है कि श्रद्धालु की दृष्टि और मन दोनों शिवमय हो जाते हैं। गर्भगृह में विराजित स्वयंभू शिवलिंग, जो धातु निर्मित नाग को धारण किए हुए हैं, भक्तों को प्रत्यक्ष दिव्यता का अनुभव कराते हैं। सभा मंडप में ध्यानमग्न नंदी महाराज और प्रांगण में विद्यमान वटवृक्ष (कल्पवृक्ष) यहां के आध्यात्मिक वातावरण को और भी गहन बनाते हैं।




### चमत्कारी शिवधाम के रूप में मान्यता

यह मंदिर केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि आस्था और भावनाओं की जीवंत अभिव्यक्ति है। श्रद्धालु यहाँ बिल्वपत्र, गंगाजल, धतूरा, फूल और मिष्ठान्न के माध्यम से अपनी भक्ति अर्पित करते हैं। लोक मान्यता है कि सच्चे मन से की गई प्रार्थना यहाँ निष्फल नहीं जाती कृ अनेक श्रद्धालुओं ने नीलकंठेश्वर महादेव के चमत्कारों को प्रत्यक्ष रूप में अनुभव किया है।

### श्रावण मास में बनता है आध्यात्मिक उत्सव स्थल

श्रावण मास में मंदिर का वातावरण अनुपम बन जाता है। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करने आते हैं। दीपमालिकाएँ, वाद्य-निनाद, और भजन-कीर्तन से मंदिर परिसर गूंज उठता है। मान्यता है कि श्रावण मास में नीलकंठेश्वर के दर्शन मात्र से सौ जन्मों का पुण्य प्राप्त होता है।

### संरक्षण और संवर्धन की आवश्यकता

यह शिवधाम सारंगपुर की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर है। इसकी दिव्यता, शांति और ऐतिहासिकता आने वाली पीढ़ियों तक अक्षुण्ण रहे कृ इसके लिए आवश्यक है कि जन-जागरूकता के माध्यम से इसके संरक्षण और प्रचार-प्रसार को प्राथमिकता दी जाए।नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर न केवल शिवभक्ति का प्रतीक है, बल्कि मालवा की सांस्कृतिक चेतना का जीवंत स्तंभ भी है कृ एक ऐसा पवित्र स्थल, जो आज भी आत्मा को शिवत्व की ओर प्रेरित करता है।